राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने साहित्यकार प्रो॰ नंदकिशोर नवल के निधन पर शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 13 मई 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने सुप्रसिद्ध साहित्यकार और हिन्दी समालोचक प्रो॰ नंदकिशोर नवल के निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल श्री चौहान ने अपने शोकोद्‌गार में कहा है कि एक कुशल शिक्षक, सुधी समीक्षक एवं प्रख्यात विद्वान प्रो॰ नंदकिशोर नवल के निधन से हिन्दी साहित्य को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने साहित्य के क्षेत्र में बिहार का नाम रोशन किया है।

राज्यपाल ने दिवंगत साहित्यकार की आत्मा को चिरशांति तथा उनके शोक–संतप्त परिजनों–प्रशंसकों को धैर्य–धारण की क्षमता प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

....